मंकीपॉक्स (hMPXV) टीकाकरण New Jersey में

ह्यूमन मंकीपॉक्स (hMPXV) वायरस के लिए इस्तेमाल होने वाले टीके को JYNNEOS कहा जाता है। New Jersey में, **निम्नलिखित लोग टीकाकरण के लिए पात्र हो सकते हैं:**

जो लोग पिछले 14 दिनों के भीतर किसी ऐसे व्यक्ति के संपर्क में आए हैं, जिनका ऑर्थोपॉक्सवायरस या मंकीपॉक्स (hMPXV) वायरस के लिए परीक्षण का परिणाम पॉज़िटिव आया है

(टीकाकरण करवाने के लिए अपने स्थानीय स्वास्थ्य विभाग से संपर्क करें)

- समलैंगिक, उभयलिंगी, और अन्य पुरुष जिन्होंने ऐसे पुरुषों, ट्रांसजेंडर या गैर-बाइनरी लोगों के साथ यौन संबंध बनाया है, जिनका पिछले 6 महीनों में:

  - राष्ट्रीय स्तर पर रिपोर्ट करने योग्य यौन संचारित रोग का नया निदान हुआ है (जैसे कि तीव्र एचआईवी (HIV), शैंकराभ, क्लैमाइडिया, सूजाक, या सिफिलिस
  - एक से अधिक व्यक्ति के साथ यौन संबंध बनाते हैं

- वे लोग जिन्होंने पिछले 6 महीनों में निम्नलिखित गतिविधियां अंजाम दी हैं:
  - किसी वेश्यालय में यौन सम्बन्ध बनाया है
  - किसी बड़े सार्वजनिक कार्यक्रम में शामिल होकर किसी ऐसे भौगोलिक क्षेत्र में यौन प्रक्रिया की हो, जहां मंकीपॉक्स (hMPXV) का प्रसार हो रहा है

- उपरोक्त जोखिम वाले लोगों के यौन साथी

- वे लोग जिन्हें उपरोक्त जोखिमों का अनुभव होने की संभावना होती है

किसी टीकाकरण स्थान पर विज़िट करें

(सबसे करीबी टीकाकरण स्थल की जानकारी के लिए पीछे की ओर दिए गए QR कोड को स्कैन करें)

कुछ व्यावसायिक जोखिम विपत्ति समूहों के लोग जैसे:

- ऑर्थोपॉक्सवायरस के साथ काम करने वाले अनुसंधान प्रयोगशाला के कर्मचारी
- ऑर्थोपॉक्सवायरस के लिए नैदानिक परीक्षण करने वाले नैदानिक प्रयोगशाला कर्मचारी
- उचित सार्वजनिक स्वास्थ्य और आतंकवाद विरोधी प्राधिकारी वर्ग द्वारा नामित ऑर्थोपॉक्सवायरस और स्वास्थ्य देखभाल कार्यकर्ता प्रतिसाद दल।

(अपने स्थानीय स्वास्थ्य विभाग से परामर्श करें)

NJ स्वास्थ्य विभाग को मंकीपॉक्स (hMPXV) के टीके संघीय सरकार से प्राप्त होते हैं और वे पात्र व्यक्तियों को मुफ्त में प्रदान किए जाते हैं।

वर्तमान टीकाकरण प्रयास बहुत अधिक प्रभावित होने वाले समूहों पर ध्यान केंद्रित करते हैं, जिनमें समलैंगिक और उभयलिंगी पुरुष और पुरुषों के साथ यौन संबंध रखने वाले अन्य पुरुष शामिल हैं। **समय के साथ इसमें बदलाव आ सकता है।**

टीकों की पात्रता और उनके स्थानों के बारे में अप-टू-डेट रहें। विज़िट करें: https://bit.ly/njmpx या QR कोड स्कैन करें:

NJ Health
New Jersey Department of Health
Accredited Health Department • Public Health Accreditation Board • PHAB Advancing public health performance

ह्यूमन मंकीपॉक्स वायरस (hMPXV)

आपको क्या पता होना चाहिए

ह्यूमन मंकीपॉक्स, जिसे hMPXV कहा जाता है, एक वायरस के कारण होने वाला संक्रमण है। इसके लक्षण हल्के हो सकते हैं, लेकिन कुछ मामले अधिक गंभीर हो सकते हैं और उन्हें अस्पताल में भर्ती होने की आवश्यकता हो सकती है।

सुरक्षित रहने और इस संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए आपको निम्न को जानना आवश्यक है।

मंकीपॉक्स (hMPXV) के लक्षण क्या हैं?

लक्षणों में निम्नलिखित शामिल हो सकते हैं:

- चकत्ते, गांठें या फफोले जो जननांगों या उनके आस-पास या अन्य भागों (जैसे हाथ, पैर, चेहरे या छाती) पर हो सकते हैं

- वे आम यौन संचारित संक्रमण या त्वचा पर अन्य चकत्ते जैसे दाद या पॉइज़न आइवी (विष-लता) के समान दिख सकते हैं

- चकत्तों से पहले फ्लू जैसे लक्षण उत्पन्न हो सकते हैं, जैसे बुखार, सिर और शरीर में दर्द, लिंफ नोड्स में सूजन और कंपकंपी

मंकीपॉक्स (hMPXV) कैसे फैलता है?

मंकीपॉक्स (hMPXV) लोगों के बीच करीबी, शारीरिक संपर्क से फैलता है, जिनमें शामिल हैं:

मंकीपॉक्स (hMPXV) चकत्तों से सीधा संपर्क

लंबे समय तक के आमने-सामने के संपर्क के दौरान बलगम या लार (थूक) द्वारा या घनिष्ठ शारीरिक संपर्क, जैसे चुंबन, गले लगाना, या यौन संबंध के दौरान

मंकीपॉक्स (hMPXV) संक्रमित व्यक्ति द्वारा उपयोग की जाने वाली चीजें जैसे कि तौलिये, बिस्तर की चादरें और कपड़े छूना

मंकीपॉक्स (hMPXV) लक्षण शुरू होने के समय से लेकर चकत्तों के पूरी तरह से ठीक होने और त्वचा की एक नई परत बनने तक फैल सकता है।

मंकीपॉक्स (hMPXV) की रोकथाम कैसे की जा सकती है?

अपने यौन साथी से पूछें कि क्या उन्हें मंकीपॉक्स (hMPXV) के चकत्ते या अन्य लक्षण हैं

किसी भी ऐसे व्यक्ति के साथ त्वचा-से-त्वचा के संपर्क से बचें, जिसे मंकीपॉक्स (hMPXV) के चकत्ते या अन्य लक्षण हों

संक्रमित व्यक्ति द्वारा उपयोग की जाने वाली सामग्री जैसे बिस्तर, तौलियों, कपड़ों या अन्य वस्तुओं के संपर्क में आने से बचें



संक्रमित लोगों के संपर्क में आने के बाद अपने हाथों को साबुन और पानी से अच्छी तरह धोएं, या अल्कोहल-आधारित हैंड सैनिटाइज़र का प्रयोग करें।

यदि मुझमें लक्षण दिखाई दें या मुझे लगे कि मुझे मंकीपॉक्स (hMPXV) हुआ है तो मुझे क्या करना चाहिए?

यदि आप में मंकीपॉक्स (hMPXV) के कोई लक्षण हैं, तो अपने **स्वास्थ्य सेवा प्रदाता, तत्काल देखभाल केंद्र या अस्पताल** से तुरंत संपर्क करें

- जाने से पहले कॉल करें ताकि वे आपको अन्य लोगों से आइसोलेट रखने के लिए तैयार रह सकें
- याद से मास्क पहनें और जितना हो सके घावों को ढक कर रखें
  - यदि आपने हाल ही में यात्रा की है, आपका किसी ऐसे व्यक्ति से संपर्क हुआ है जिसे इसी तरह के चकत्ते थे या जिसका मंकीपॉक्स (hMPXV) का निदान हुआ है, तो अपने स्वास्थ्य सेवा प्रदाता को बताएं
  - यदि आपके स्वास्थ्य सेवा प्रदाता द्वारा सलाह दी जाती है तो परीक्षण करवाएं; परीक्षण में चकत्तों के स्वैब एकत्र करना शामिल है
  - परीक्षण परिणाम आने तक घर पर आइसोलेट रहें

यदि आपका परीक्षण परिणाम पॉजिटिव आता है तो क्या करें?

- ✓ जब तक सभी घाव ठीक नहीं हो जाते, पपड़ियाँ गिर नहीं जाती और अखंड त्वचा की एक नई परत नहीं बन जाती तब तक आइसोलेट रहें (आमतौर पर 2-4 सप्ताह)।
- ✓ आपात स्थितियों में या फॉलो-अप चिकित्सा देखभाल की आवश्यकता के अलावा, अन्य समय घर पर ही रहें।
- ✓ यदि एक ही घर में अन्य लोग भी रहते हैं तो यदि संभव हो तो अलग बाथरूम का उपयोग करें।
- ✓ यदि आपको घर में अन्य लोगों के निकट जाने की आवश्यकता होती है तो अच्छी फिटिंगवाला मास्क या रेस्पिरेटर पहनें।
- ✓ सामान्य रूप से छुई जाने वाली सतहों को पर्यावरण संरक्षण संस्था (EPA)-पंजीकृत कीटाणुनाशक का उपयोग करके नियमित रूप से स्वच्छ और कीटाणुरहित करें।
- ✓ साबुन और पानी से हाथ धोएं और कम से कम 60% अल्कोहल वाले हैंड सैनिटाइज़र का उपयोग करें।
- ✗ सभी यौन गतिविधियों से दूर रहें।
- ✗ घर में अन्य लोगों और पालतू पशुओं के साथ निकट संपर्क से बचें।
- ✗ आंखों में संक्रमण की रोकथाम के लिए कॉन्टैक्ट लेंस के उपयोग से बचें।
- ✗ वायरस के प्रसार को रोकने के लिए शरीर के उन भागों को शेव करने से बचें जहां छाले या घाव हों।

यदि मुझे लगता है कि मुझे मंकीपॉक्स (hMPXV) का संसर्ग हो गया है तो मुझे क्या करना चाहिए?

तुरंत अपने स्थानीय स्वास्थ्य विभाग से संपर्क करें

सार्वजनिक स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा सलाह दिए जाने पर टीका लगवाएं

21 दिनों तक लक्षणों पर नजर रखें